तूने अजब रचा भगवान खिलौना माटी का

तूने अजब रचा भगवान खिलौना माटी का
माटी का रे माटी का
तूने अजब रचा भगवान खिलौना माटी का

कान दिए हरी भजन सुनन को,
तू मुख से करे गुणगान खिलौना माटी का
तूने अजब रचा भगवान खिलौना माटी का

जीबा दी हरी भजन करन को
दी आँखे करन पेहचान खिलौना माटी का
तूने अजब रचा भगवान खिलौना माटी का

शीश दिया गुरु चरण झुकन को
और हाथ दिए कर दान खिलौना माटी का
तूने अजब रचा भगवान खिलौना माटी का

सत्य नाम का बना के बेडा
और उतरे भव से पार खिलौना माटी का
तूने अजब रचा भगवान खिलौना माटी का

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22093/title/tune-ajab-racha-bhagwan-khilona-mati-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |